**CBSE कक्षा 11 राजनीति विज्ञान**

**पाठ-5 विधायिका**

**महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर**

---

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर:-**

1. **राज्यसभा का कार्यकाल कितना होता है?**
   **उत्तर-** राज्यसभा स्थाई सदन है। सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष होता है।
2. **राज्यसभा की सदस्यता के लिए कितनी आयु निर्धारित को गई है?**
   **उत्तर-** 30 वर्ष।
3. **राज्यसभा का अध्यक्ष कौन होता है?**
   **उत्तर-** उप-राष्ट्रपति।
4. **कोई विधेयक वित्त विधेयक है या नहीं, इसक निर्णय करने का अधिकार किसके पास है?**
   **उत्तर-** लोकसभा अध्यक्ष को।
5. **भारतीय संसद का कौन-सा सदन अधिक शक्तिशाली है?**
   **उत्तर-** लोकसभा।
6. **संसद की किन्हीं दो समितियों के नाम लिखिए।**
   **उत्तर-** (1) लोक लेखा समिति।
   (2) प्राकलन समिति।
7. **भारत में मंत्रिपरिषद् किस सदन के प्रति उत्तरदायी है?**
   **उत्तर-** लोकसभा के।
8. **संविधान संशोधन विधेयक किस सदन में पेश हो सकता है?**
   **उत्तर-**दोनो में से किसी भी सदन में।
9. **संविधान का 52 वां संशोधन किस विषय से संबंधित है?**
   **उत्तर-** दल-बदल कानून से।
10. **दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?**
    **उत्तर-** लोकसभा अध्यक्ष।
11. **राज्यसभा में 12 सदस्यों को कौन मनोनीत करता है?**
    **उत्तर-** राष्ट्रपति।
12. **जी. वी. मावलंकर लोकसभा के ................ स्पीकर थे?**
    **उत्तर-** प्रथम।
13. **वर्तमान में किस नये राज्य में द्वि-सदनात्मक विधायिका है?**
    **उत्तर-** तेलंगाना।

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर:-**

1. **दि-सदनात्मक विधायिका के पक्ष में दो तर्क दीजिए?**

   **उत्तर-**

   1. समाज के सभी वर्गों व क्षेत्रों की समुचित प्रतिनिधित्व मिल जाता है।
   2. दूसरा सदन प्रथम सदन के कार्यभार कम करता है।
2. **भारत के किन्हीं चार राज्यों के नाम लिखिए जिनमें द्वि-सदनात्मक विधायिका है?**

   **उत्तर-**

   i. जम्मू कश्मीर
   ii. उत्तरप्रदेश
   iii. बिहार
   iv. कर्नाटक
3. **राज्यसभा को संरचना स्पष्ट कीजिए?**

   **उत्तर-** राज्यसभा के कुल सदस्य 250 है जिसमें 238 राज्यों द्वारा निर्वाचित क्षेत्र और 12 को राष्ट्रपति मनोनीत करता है।
4. **लोकसभा की दो विशेष शक्तियों का उल्लेख कीजिए?**

   **उत्तर-**

   i. धन विधेयक पेश करना
   ii. मंत्रिपरिषद पर नियंत्रण।
5. **वित्त विधेयक और गैर विधेयक में अंतर है?**

   **उत्तर-** संविधान में संशोधन के लिए या सामान्य विधयकों को गैर वित्त विधेयक कहते है जबकि धन संबंधी विधेयकों को वित्त विधेयक कहते है जैसे कर लगाने के प्रस्ताव का बजट।
6. **मिलान करो-**

| | |
|---|---|
| (क) राज्य सभा में मनोनीत सदन | (1) राज्यसभा |
| (ख) निम्न सदन | (2) लोकसभा |
| (ग) उपरी सदन | (3) 2 |
| (घ) लोकसभा में मनोनीत सदस्य | (4) 12 |

   **उत्तर- (क) - (4)**

   **(ख) - (2)**

   **(ग) - (1)**

   **(घ) - (3)**
7. **दलबदल में क्या अभिप्राय है?**

   **उत्तर-** जब कोई सदस्य स्वेच्छा से दल की सदस्यता से त्यागपत्र दें और दल की सदस्यता ग्रहण कर लें उसे दलबदल कहते है।

8. **राज्यसभा का सदस्य बनने के लिए दो योग्यताएं कौन-सी है?**

   **उत्तर-**

   i. वह भारत का नागरिक हो।
   ii. वह 30 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।

9. **राज्यसभा की दो विशेष शक्तियों का वर्णन कीजिए?**

   **उत्तर-**

   i. राज्य सभा, राज्य के अंतर्गत आने वाली विषयों पर राष्ट्रीय हित हेतु संसद को कानून बनाने का अधिकार दे सकती है।
   ii. राज्यसभा किसी भी नई अखिल भारतीय सेवा का राष्ट्र के हित में गठन कर सकती है।

10. **किन परिस्थितियों में संसद का संयुक्त अधिवेशन बुलाया जाता है?**

    **उत्तर-** जब दोनों में मतभेद हो।

---

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर:-**

1. **संसद की आवश्यकता महत्व स्पष्ट कीजिए?**

   **उत्तर-**

   i. विधि निर्माण।
   ii. बजट पारित करना।
   iii. सरकार पर नियंत्रण।
   iv. संविधान में संशोधन।

2. **लोकसभा का सदस्य बनने के लिए क्या योग्यताएं होनी चाहिए?**

   **उत्तर-**

   i. भारत का नागरिक।
   ii. आयु 25 वर्ष।
   iii. पागल व दिवालिया न हो।
   iv. किसी लाभप्रद सरकारी पद पर न हो।

3. **भारत में कानून निर्माण प्रक्रिया के कोई चार चरण बताइए?**


   **उत्तर-**

   i. प्रथम वाचन।
   ii. द्वितीय वाचन
   iii. तृतीय वाचन
   iv. राष्ट्रपति की स्वीकृति (व्याख्या सहित)।

---

**पाँच अंकीय प्रश्नों के उत्तर:-**

1. **भारत के मानचित्र का अध्ययन करें तथा द्वि-सदनात्मक विधायिका वाले पांच राज्यों का नाम लिखें। (पांच अंकों के लिए पांच स्थान दिखाये जा सकते है।)**



**उत्तर-**

1. जम्मू और कश्मीर
2. उत्तर प्रदेश
3. बिहार
4. महाराष्ट्र
5. आंध्रप्रदेश
6. कर्नाटक
7. तेलंगाना (कोई पांच)

2.




**उपरोक्त कार्टून के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

i. **सदन से वॉक आऊट करना क्या एक उचित तरीका है? स्पष्ट करें।**
ii. **अध्यक्ष सदस्यों को सदन से किस आधार पर आऊट कर सकते है? (कोई दो कारण)**
iii. **सदस्यगण वॉक आऊट जैसा व्यवहार क्यों करता हैं? अपना विचार प्रस्तुत करें।**

**उत्तर-**

i. नहीं, क्योंकि सदन एक ऐसा मंच है। जहां पर वाद-विवाद चर्चा, बहस व सहमति के आधार पर किसी समस्या का समाधान खोजा जाता है।
ii. अनुशासनहीनता पर।
iii. स्वयं उत्तर लिखें।

---

**छ: अंकीय प्रश्नों के उत्तर:-**

1. **लोकसभा कार्यपालिका को राज्यसभा की तुलना में क्यों कारगर ढंग से नियंत्रण में रख सकती है।**

   **उत्तर-**

   i. अविश्वास प्रस्ताव
   ii. मंत्रीपरिषद लोकसभा की प्रति उत्तरदायी
   iii. जनता द्वारा चुने प्रतिनिधि
   iv. लोकप्रिय सदन

v. सदस्य संख्या अधिक

2. **लोकसभा कार्यपालिका पर कारगर ढंग से नियंत्रण रखने की नहीं बल्कि जन भावनाओं और जनता की अपेक्षाओं की अभिव्यक्ति का मंच है। क्या आप इससे सहमत है? कारण दें।**

   **उत्तर-**

   i. जनता के चुने प्रतिनिधि होने के कारण
   ii. जनहित में कानून बनाना।
   iii. जनआकांक्षाओं एवं भावनाओं से परिचित होना।
   iv. चुनाव के माध्यम से जनता के प्रति जवाब देहिता। (व्याख्या सहित)

3. **संसद के प्रमुख कार्यों का उल्लेख करें?**

   **उत्तर-**

   i. कानून बनाना
   ii. कार्यपालिका पर नियंत्रण
   iii. बहस व चर्चा
   iv. वित्तीय नियंत्रण व अविश्वास प्रस्ताव आदि।